के.सं.वि./परीक्षा/एच-18/1-12/2021/ 41

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष 2021-22 प्रवेश हेतु अधिसूचना

दिनांक-01.10.2021

सूचित किया जाता है कि शिक्षाचार्य प्रवेश परीक्षा-2021 में उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों के लिए परिसर आबंटन हेतु दिनांक 28.09.2021 को परामर्श रखा गया था। सम्बन्धित परिसर में प्रवेश हेतु दिनांक 04.10.2021 से 08.10.2021 तक तिथि निर्धारित की गई है। प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से/ऑनलाईन उपस्थित नहीं होने, निर्धारित शुल्क जमा न कराने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वत: निरस्त हो जायगी।

आवश्यक प्रमाणपत्र-

(1) शिक्षाचार्य प्रवेश परीक्षा-2021 के ऑन लाईन आवेदनपत्र एवं प्रवेशपत्र।

(2) जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक/सेकेण्डरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।

(3) प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(4) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत विषय सहित)/समकक्ष उपाधि और/या आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष उपाधि, शिक्षाशास्त्री/बी.एड. (संस्कृतशिक्षण) उत्तीर्ण अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र।

(5) यदि आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र।

(6) दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

(7) चिकित्सकीय प्रमाणपत्र।

(8) प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)

(9) स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (यदि हो) एवं चरित्र प्रमाणपत्र। (Transfer Certificate (If available) & Character Certificate)

(10) रैगिंग के विरोध विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शपथ पत्र (वेब-साइट पर उपलब्ध) (Anti- ragging Affidavit)

आवश्यक सूचनाएँ-

- सम्बन्धित परिसरों द्वारा निर्मित स्थानीय प्रवेश समिति के समक्ष पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
- प्रवेश निर्धारित तिथियों में ही दिया जाएगा।
- आपके द्वारा आनॅलाइन आवेदनपत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपको प्रवेश के लिए सूचना दी गई है। आपके द्वारा दी गई जानकारी वास्तविक जाँच में यदि असत्य पायी गयी तो आपको प्रवेश योग्य नहीं माना जाएगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रवेश के संबंध में स्थानीय प्रवेश समिति का निर्णय मान्य होगा।
- जो परिसर प्रवेश के लिये आबंटित किया गया है, उसी परिसर में आपको प्रवेश दिया जा सकता है। प्रवेश के पश्चात् स्थानान्तरण नहीं होगा।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अतिरिक्त प्रवेश सम्बन्धी सूचना पोस्ट या अन्य माध्यम से नहीं भेजी जाएगी।
- वर्तमान में COVID-19 को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में प्रवेश की सुविधा दी गई है। आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों के दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही **स्थायी प्रवेश** एवं ऑन-लाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **अस्थायी प्रवेश** दिया जायेगा। जिन प्रवेशार्थियों को **अस्थायी प्रवेश** प्रदान किया जायेगा ऐसे प्रवेशार्थियों को शपथ पत्र देना होगा कि "मैं.......... ....सामान्य परिस्थिति होने पर भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुन: दस्तावेजों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।"

Pawan Kumar

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परीक्षा अनुभाग दिल्ली

- प्रवेश हेतु आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों को दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् प्रवेश शुल्क नकद या परिसरीय निर्देशानुसार अन्यान्य माध्यम से तत्काल अथवा ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा तथा शुल्क प्राप्त होने पर ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा प्रवेश स्वत: निरस्त माना जायेगा।
- ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त प्रवेशार्थियों का प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा, जब सम्बन्धित प्रवेशार्थी भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।
- प्रवेश दिनांक 04.10.2021 से 08.10.2021 तक कार्यालयीय समय में लिया जाएगा।

प्रवेश से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए आबंटित परिसरों के सम्पर्क सूत्र निम्न प्रकार से हैं-

क्र.सं.	परिसर का नाम	सम्पर्क हेतु सम्बन्धित परिसरीय प्राध्यापक का नाम एवं दूरभाष
1.	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल, मध्य प्रदेश-462043	डा. नितिन जैन 09907424875
2.	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राजस्थान-302018	डा. कैलाश चन्द्र सैनी 09588951476

Pawan Kumar

(प्रो. पवन कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परीक्षा अनुभाग दिल्ली